रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-08082020-221024
CG-DL-E-08082020-221024

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2334] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, अगस्त 6, 2020/श्रावण 15, 1942
No. 2334] NEW DELHI, THURSDAY, AUGUST 6, 2020/SHRAVANA 15, 1942

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 5 अगस्त, 2020

का.आ. 2633(अ).—प्रारुप अधिसूचना भारत के राजपत्र, असाधारण में भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 2682 (अ), तारीख 25 जुलाई, 2019, द्वारा प्रकाशित की गई थी जिसमें ऐसे सभी व्यक्तियों से, जिनकी उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उक्त अधिसूचना को अन्तर्विष्ट करने वाले राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी गई थीं, साठ दिन की अवधि के भीतर आक्षेप और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और, उक्त प्रारूप अधिसूचना को अन्तर्विष्ट करने वाले राजपत्र की प्रतियां जनता को तारीख 26 जुलाई, 2019, को उपलब्ध करा दी गई थीं;

और, उक्त प्रारूप अधिसूचना के प्रत्युतर में व्यक्तियों और पणधारियों से प्राप्त आक्षेपों और सुझावों पर राज्य सरकार द्वारा विचार किया गया था;

और, भीमाशंकर वन्यजीव अभयारण्य महाराष्ट्र राज्य के पुणे, ठाणे और रायगढ़ जिलों में स्थित है;

और, भीमाशंकर वन्यजीव अभयारण्य को महाराष्ट्र राज्य सरकार की अधिसूचना संख्या डब्ल्यू एल पी.1045/सी.आर.588/(II)/एफ-5, दिनांक 16 सितंबर, 1985 के द्वारा 130.78 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में अधिसूचित किया गया है;

और, उक्त अभयारण्य पक्षी-जीव के लिए जाना जाता है जिसमें जिसमें भारतीय झबरा, छोटा जलकौआ, छोटा इग्रेट, भारतीय बगुला, एशियन ओपनबिल, ब्लैक विंगट काइट, ब्राह्मणी काइट शिकारा, रेड वाटलेंड टिटहरी, सामान्य सैंडपाइपर, चित्तीदार कबूतर, आदि सहित पक्षी प्रजातियां है;

और, भीमाशंकर वन्यजीव अभयारण्य में बहुत अधिक जीवजंतुओं और वनस्पति की विविधता है साथ में स्तनधारियों की लगभग 22 प्रजातियाँ, सरीसृपों की लगभग 25 प्रजातियाँ, और उभयचरों की कई प्रजातियाँ पाई जाती हैं; जबकि इस क्षेत्र की वनस्पति का प्रतिनिधित्व "8ए/सी2 पश्चिमी उप-उष्णकटिबंधीय पहाड़ी वन" करते है जिसमें ये प्रजातियाँ पाई जाती है नेवला *(मैगीफेरा इंडिका)*, जाम्बुल*(शिजिगियम कुम्मिनी),* पिसा (*एक्टिनोडाफन हूकर*), शिशम (*डालबर्गिया लैटिफोलिया*), अनजनी (*मेमेसिक्लोन*), बेहेड़ (*टर्मिनलिया बेलेरिका*), ऐन (*टर्मिनलिया टोमेन्टोसा*), मोहा (*मधुका इंडिका),* पलास *(बुटेया मोनोस्पर्मा),* पंगरा *(एरीथ्रीना वरिइगाटा),* खैर *(अकैशिया कटेचु),* काकड *(गरूगा पिन्नाटा),* शिशम (डालबर्गिया लैटिफोलिया), टीवास (*ओजिइनिया ओयनेंसिस*) आदि के अतिरिक्त वृक्ष और करवांद (*कर्रिस्सा करांड्रस*), करमती (*ग्रेविया विल्लोसा*), धायती (*वूडफोरदीया फ्रूटीकोसा*), करवी (*करविया कल्लोसा*), निरगुडी (*विटेक्स नेगुंडो*), अदूल्सा (*अधाटोडा वासिका*) आदि के अलावा झाड़ी और घास सम्मिलित है;

और, संरक्षित क्षेत्र महत्त्वपूर्ण वन्यजीवों जैसे तेंदुआ, बनबिलार, छोटा भारतीय मुसंग, धारीदार लकड़बग्घा, मुंजक, पश्चिमी हनुमान लंगूर, सामान्य ग्रे नेवला, आदि का भी आश्रय प्रदान करता है;

और, यह अभयारण्य मानव बस्तियों और चल रही विकासात्मक क्रियाकलापों के अति निकट होने से अभयारण्य के लिए उचित सुरक्षा उपाय करने और ऐसे क्रियाकलापों पर नियंत्रण लगाने की आवश्यकता है;

और, इस अभयारण्य के वन वर्षा को अवरूद्ध करके भूजल जलभृत को पुनर्भरण में सहायता करते हैं और मिट्टी के कटाव को कम करके नदियों और धाराओं की सुरक्षा करते हैं और अभयारण्य में कई धाराओं का अच्छा नेटवर्क बना हुआ है जो पूरे अभयारण्य में फैली हुई है, लगभग सभी धाराएं मौसमी प्रकृति की हैं; इनसे भीमा नदी बनती है, जो कि प्रमुख बांध चक्स्कामन में जाती है, जबकि घोड़ नदी और बूबारा नदी में प्रमुख बांध है, जिसका बाबू गेनू जलाशय नाम दिम्भा बांध है;

और, भीमाशंकर वन्यजीव अभयारण्य के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाएं पारिस्थितिकी पर्यावरणीय से पारिस्थितिकी संवेदी जोन के रूप में पैरा 1 में विनिर्दिष्ट हैं, जैव विविधिता की दृष्टि सुरक्षित और संरक्षित करना और उक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों के वर्गों के प्रचालन और प्रसंस्करण करने को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) (जिसे इस अधिसूचना में इसके पश्चात पर्यावरण अधिनियम कहा गया है) की धारा 3 की उपधारा और (1) उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) तथा धारा 3 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, महाराष्ट्र राज्य के पुणे, ठाणे और रायगढ़ जिला के भीमाशंकर वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के चारों ओर 0.05 किलोमीटर से 10 किलोमीटर तक विस्तारित क्षेत्र को भीमाशंकर वन्यजीव अभयारण्य पारिस्थितिकी संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिकी संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :-

1. पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार और सीमाएं.-(1) पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार भीमाशंकर वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के चारों ओर 0.05 किलोमीटर से 10 किलोमीटर तक विस्तृत है और पारिस्थितिकी संवेदी जोन का क्षेत्रफल 101.62 वर्ग किलोमीटर है। राज्य द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार पचास (50) मीटर न्यूनतम उचित है:-

(क) संरक्षित क्षेत्र के पश्चिमी भाग में पश्चिमी घाटों का एक उच्च अखंड श्रेणी है जो उत्तर दक्षिण दिशा में गुजरते हुए बसाल्टिक लावा से बना है। यह कोंकण क्षेत्र में पश्चिम की ओर खड़ी ढलान/ गहरी चट्टानें और घाटियां सम्मिलित हैं। यह चट्टाने भीमाशंकर वन्यजीव अभयारण्य के पश्चिमी और उत्तरी भाग पर प्राकृतिक अवरोधक/बफर के रूप में कार्य करती है।

(ख) वन रिपोर्ट 2017 की स्थिति के अनुसार, पारिस्थितिकी संवेदी जोन (50 मीटर से अधिक) में सम्मिलित क्षेत्र ज्यादातर खुले वन श्रेणी (0.4 से कम के घनत्व के साथ) में आते हैं। भीमाशंकर वन्यजीव अभयारण्य की प्रमुख प्रजाति भारतीय जैनट गिलहरी है जो निरंतर कैनोपी आवरण के साथ परिवक्व और विविध वन पर निर्भर गिलहरी वास है। पारिस्थितिकी संवेदी जोन का 50 मीटर से अधिक क्षेत्र मुख्यत: खुला वन है जिसमें बहुत कम निरंतर कैनोपी आवरण है।

(2) भीमाशंकर वन्यजीव अभयारण्य और इसके पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण **उपाबंध-I** के रूप में संलग्न है।

(3) सीमा विवरण और अक्षांशों और देशांतरों के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन के सीमांकित होते हुए भीमाशंकर वन्यजीव अभयारण्य के मानचित्र **उपाबंध-IIक** और **उपाबंध-IIख** के रूप में संलग्न है।

(4) पारिस्थितिकी संवेदी जोन और भीमाशंकर वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के भू-निर्देशांकों की सूची **उपाबंध-III** के सारणी **क** और सारणी **ख** में दी गई है।

(5) मुख्य बिंदुओं के भू-निर्देशांकों के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची **उपाबंध IV** के रूप में संलग्न है।

2. पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना– (1) राज्य सरकार, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रयोजनों के लिए राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और राज्य के सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के लिए इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करते हुए आंचलिक महायोजना तैयार करेगी।

(2) राज्य सरकार द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना ऐसी रीति से जो इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट किए गए हैं के अनुसार तथा सुसंगत केंद्रीय और राज्य विधियों के अनुरुप और केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गनिर्देशों, यदि कोई हों, द्वारा तैयार होगी ।

(3) आंचलिक महायोजना, उक्त योजना में पारिस्थितिकी और पर्यावरणीय बातों को समाकलित करने के लिए राज्य सरकार के निम्नलिखित विभागों के परामर्श से तैयार होगी.-

(i) पर्यावरण;

(ii) वन और वन्यजीव;

(iii) कृषि;

(iv) राजस्व;

(v) शहरी विकास;

(vi) पर्यटन;

(vii) ग्रामीण विकास;

(viii) सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण;

(ix) नगरपालिका;

(x) पंचायती राज;

(xi) महाराष्ट्र राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड; और

(xii) लोक निर्माण विभाग।

(4) आंचलिक महायोजना अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं करेगी जब तक कि इस अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो और आचंलिक महायोजना सभी अवसंरचना और क्रियाकलापों में, जो अधिक दक्षता और पारिस्थितिकी अनुकूल हों, का संवर्धन करेगी ।

(5) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भूतल जल के प्रबंधन, मृदा और नमी संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी और पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलुओं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है, के लिए उपबंध होंगे ।

(6) आंचलिक महायोजना विद्यमान और प्रस्तावित भूमि उपयोग विशेषताओं के ब्यौरों से अनुसमर्थित मानचित्र के साथ सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और नगरीय बस्तियों, वनों के प्रकार और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्र जैसे उद्यान और उसी प्रकार के स्थान, उद्यान कृषि क्षेत्र, फलोउद्यान, झीलों और अन्य जल निकायों का अभ्यकंन करेगी।

IndiaCode

(7) आंचलिक महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन में विकास को विनियमित करेगी और सारणी में सूचीबद्ध पैराग्राफ-4 में प्रतिषिद्ध और विनियमित क्रियाकलापों का अनुपालन करेगी और स्थानीय समुदायों की जीविका को सुरक्षित करने के लिए पारिस्थितिकी अनुकूल विकास को सुनिश्चित और उसकी अभिवृद्धि भी करेगी।

(8) आंचलिक महायोजना प्रादेशिक विकास योजना की सह विस्तारी होगी ।

(9) इस प्रकार अनुमोदित आंचलिक महायोजना इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार मानीटरी के अपने कार्यों को करने के लिए मानीटर समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज तैयार करेगी ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय.-** राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:-

(1) **भू-उपयोग.–** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वनों, उद्यान कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, मनोरंजन के प्रयोजनों के लिए चिन्हित किए गए पार्कों और खुले स्थानों का वाणिज्यिक या आवासीय या औद्योगिक संबद्ध विकास क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं होगा:

परंतु यह कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भाग (क) में विनिर्दिष्ट प्रयोजनों से भिन्न प्रयोजन के लिए कृषि और अन्य भूमि का संपरिवर्तन मानीटरी समिति की सिफारिश पर और यथा लागू और क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम और केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के अन्य नियमों तथा विनियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से, और इस अधिसूचना के उपबंधों द्वारा स्थानीय निवासियों की निम्नलिखित आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, जैसे:-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ़ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण;

(ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) कुटीर उद्योगों जिनके अंतर्गत ग्रामीण उद्योग भी हैं; सुविधाजनक भण्डार और स्थानीय सुविधाएं सहायक पारिस्थितिकी पर्यटन जिसके अन्तर्गत गृह वास सम्मिलित है; और

(v) पैरा 4 के अधीन दिए गए संवर्धित क्रियाकलाप:

परंतु यह और कि प्रादेशिक नगर योजना अधिनियम और राज्य सरकार के अन्य नियमों और विनियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन और संविधान के अनुच्छेद 244 के उपबंधों या तत्समय प्रवृत्त विधि के उपबंधों के अनुपालन के बिना, जिसके अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, वाणिज्यिक या औद्योगिक विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का उपयोग अनुज्ञात नहीं होगा:

परंतु यह और भी कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में उपसंजात कोई गलती, मानीटरी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार ठीक होगी और उक्त गलती के सुधार की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को दी जाएगी:

परंतु यह और भी कि गलती के संशोधन में इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा;

(ख) वनीकरण तथा वास जीर्णोद्धार क्रियाकलापों सहित अनप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे।

(2) **प्राकृतिक जल स्रोतों.**- आचंलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक जल स्रोतों के आवाह क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और नवीकरण के लिए योजना सम्मिलित होगी और राज्य सरकार द्वारा ऐसे क्षेत्रों पर या उनके निकट विकास क्रियाकलाप प्रतिषिद्ध करने के बारे में जो ऐसे क्षेत्रों के लिए अहितकर हो ऐसी रीति से मार्गदर्शक सिद्धांत तैयार किए जाएंगे ।

(3) **पर्यटन या पारिस्थितिकी पर्यटन.-** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर सभी नए पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए होगा।

(ख) पारिस्थितिकी पर्यटन महायोजना राज्य पर्यटन विभाग द्वारा राज्य पर्यावरण और वन विभाग के परामर्श से तैयार होगी।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना के एक घटक के रूप में होगी।

(घ) पर्यटन महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन की वहन क्षमता के आधार पर तैयार की जाएगी।

(ङ) पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नानुसार विनियमित होंगे:-

(i) *संरक्षित क्षेत्र* की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी निकट है, नये वाणिज्यिक होटल और रिजॉर्ट के सन्निर्माण अनुज्ञात नहीं होंगे:

परंतु, यह कि *संरक्षित क्षेत्र* की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक होटलों और रिजॉर्ट का स्थापना केवल पूर्व परिभाषित और नामनिर्दिष्ट क्षेत्रों में पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिकी पर्यटन सुविधाओं के लिए ही अनुज्ञात होगा;

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के मार्गदर्शक सिद्धांतों के द्वारा तथा राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, द्वारा जारी पारिस्थितिकी–पर्यटन, पारिस्थितिकी-शिक्षा और पारिस्थितिकी-विकास पर बल देते हुए (समय-समय पर यथा संशोधित) जारी मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार होगा;

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन किए जाने तक, पर्यटन के लिए विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा और मानीटरी समिति की सिफारिश पर आधारित संबंधित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुज्ञात किया जाएगा और पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर किसी नये होटल या रिजॉर्ट या वाणिज्यिक स्थापना का संनिर्माण अनुज्ञात नहीं किया जायेगा ।

(4) **नैसर्गिक विरासत.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों जैसे जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाएं, स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, प्रपातों आदि की पहचान की जाएगी और विरासत संरक्षण योजना आंचलिक महायोजना के भाग के रूप में परिरक्षण और संरक्षण के लिए तैयार की जाएगी ।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, शिल्प-तथ्य, ऐतिहासिक, स्थापत्य, सौंदर्यपूरक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की और उपक्षेत्रों पहचान और उनके संरक्षण के लिए विरासत योजना आंचलिक महायोजना के भाग के रुप में तैयार की जाएगी।

(6) **ध्वनि प्रदूषण**.- पर्यावरण अधिनियम के अधीन ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 में नियत उपबंधों के अनुसार में पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण और निवारण का अनुपालन किया जाएगा।

(7) **वायु प्रदूषण.**- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण के निवारण और नियंत्रण का वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार अनुपालन किया जाएगा।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण.**- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण, साधारणों मानकों के उपबंधों के अनुसार पर्यावरणीय अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन आने वाले पर्यावरणीय प्रदूषण के निस्सारण के लिए साधारण मानकों या राज्य सरकार द्वारा नियत मानकों, जो भी अधिक कठोर हो, के उपबंधों के अनुसार होगा।

(9) **ठोस अपशिष्ट.-** ठोस अपशिष्ट का निपटान और प्रबंधन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट का निपटान और प्रबंधन भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1357(अ), तारीख 8 अप्रैल, 2016 के द्वारा प्रकाशित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा। अकार्बनिक पदार्थो का निपटान पारिस्थितिकी संवेदी जोन से बाहर चिन्हित किए गए स्थानों पर पर्यावरण-अनुकूल रीति से किया जाएगा;

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों (ईएसएम) का उपयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल प्रबंधन अनुज्ञात किया जा सकेगा।

(10) **जैव चिकित्सा अपशिष्ट.**- जैव चिकित्सा अपशिष्ट का प्रबंधन निम्नानुसार किया जाएगा.-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं.सा.का.नि 343 (अ), तारीख 28 मार्च, 2016 के द्वारा प्रकाशित जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों का उपयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप जैव-चिकित्सा अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल प्रबंधन अनुज्ञात किया जा सकेगा।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(12) **निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सं.सां.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(13) **ई–अपशिष्ट.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित द्वारा प्रकाशित ई–अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **यानीय यातायात.-** यातायात की यानीय गतिविधियां आवास के अनुकूल विनियमित होंगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध सम्मिलित किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित होने तक, मानीटरी समिति सुसंगत अधिनियमों और उसके अधीन बनाए गए नियमों और विनियमों के अनुसार यानीय क्रियाकलापों के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

(15) **यानीय प्रदूषण.-** लागू विधियों के अनुपालन में वाहन प्रदूषण का निवारण और नियंत्रण किया जाएगा। स्वच्छक ईंधन के उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे।

(16) **औद्योगिक ईकाइयां.-** (i) राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन पर या उसके पश्चात पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर कोई नए प्रदूषित उद्योगों की स्थापना की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(ii) केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी मार्गदर्शक सिद्धांतों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार, जब तक कि अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो; पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर केवल गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों को अनुज्ञात किया जाएगा और इसके अतिरिक्त, गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा।

(17) **पहाड़ी ढलानों को संरक्षण.-** पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार होगा:-

(क) आंचलिक महायोजना पहाड़ी ढलानों पर क्षेत्रों का संकेत होगा जहां किसी भी संनिर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी;

(ख) कटाव के एक उच्च डिग्री के साथ विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों या ढलानों पर किसी भी संनिर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

4. पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध और विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची.- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण अधिनियम के उपबंधों और उसके अधीन बनाए गए नियमों जिसके अन्तर्गत तटीय विनियमन जोन अधिसूचना, 2011 और पर्यावरणीय समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 और अन्य लागू विधियां के जिसमें वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 का 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 का 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53) सम्मिलित हैं और किये गये संशोधनों द्वारा शासित होंगे और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति में विनियमित होंगे, अर्थात् :-

सारणी

क्रम सं. (1)	क्रियाकलाप (2)	वर्णन (3)
	अ. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर उत्खनन और अपघर्षण इकाईयां ।	(क) वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं जिसमें निजी उपयोग के लिए मकानों के संनिर्माण या मरम्मत के लिए धरती को खोदना और मकान बनाने व्यक्तिगत उपभोग के लिए देशी टाइल्स या ईंटों का निर्माण करना भी सम्मिलित है, के सिवाय सभी प्रकार के नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खानें और उनकों तोड़ने की इकाइयां तत्काल प्रभाव से प्रतिषिद्ध होगी; (ख) खनन प्रचालन, माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत संघ के मामले में आदेश तारीख 4 अगस्त, 2006 और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत संघ के मामले में तारीख 21 अप्रैल, 2014 के आदेश के अनुसरण में प्रचालन होगा ।
2.	प्रदूषण (जल, वायु, मृदा, ध्वनि, आदि) उत्पन करने वाले उद्योगों की स्थापना ।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन में कोई नया उद्योग लगाने और वर्तमान प्रदूषणकारी उद्योगों का विस्तार करने की अनुज्ञा नहीं होगी: परन्तु यह कि केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी मार्ग दर्शक सिद्धान्तों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार जब तक कि अधिसूचना में ऐसा विनिर्दिष्ट न हों, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों को अनुज्ञात किया जाएगा और इसके अतिरिक्त गैर-प्रदूषणकारी कुटीर उद्यागों को बढ़ावा दिया जाएगा।
3.	बृहत जल विद्युत परियोजना की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
4.	किसी परिसंकटमय पदार्थ का उपयोग या उत्पादन या प्रसंस्करण।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
5.	प्राकृतिक जल निकायों या क्षेत्र भूमि में अनुपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
6.	नई आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
7.	ईंट भट्टों की स्थापना करना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
8.	नए अतिक्रमण और वन भूमि पर उनका नियमानुकूल।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे 13 दिसम्बर, के बाद प्रतिषिद्ध होगा।

आ. विनियमित क्रियाकलाप		
9.	वाणिज्यिक होटलों और रिसोर्टों की स्थापना ।	पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलापों लघु अस्थायी संरचनाओं के सिवाय संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी निकट है, नए वाणिज्यिक होटल और रिसोर्टों को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा: परंतु यह कि संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के परे या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक इनमें से जो भी निकट हो सभी नए पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान क्रियाकलाप का विस्तार पर्यटन महायोजना और यथा लागू मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुरूप होगा।
10.	संनिर्माण क्रियाकलाप ।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी निकट हो, किसी भी प्रकार के नये वाणिज्यिक संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी: परंतु यह कि स्थानीय लोगों को अपनी आवास सम्बन्धी निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, पैरा 3 के उप पैरा (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित अपने उपयोग के लिए, अपनी भूमि में भवन उप-विधियों के अनुसार, संनिर्माण करने की अनुज्ञा होगी, जैसे:- परंतु यह कि गैर–प्रदूषणकारी लघु उद्योगों से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से विनियमित किए जाएंगे और वे न्यूनतम होंगे । (ख) एक किलोमीटर क्षेत्र से परे ये आंचलिक महायोजना के अनुसार विनियमित होंगे ।
11.	प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग ।	फरवरी, 2016 में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी उद्योगों में वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी उद्योग और अपरिसंकटमय में, लघु और सेवा उद्योग, कृषि, पुष्प कृषि, उद्यान कृषि या पारिस्थितिकी संवेदी जोन से देशी सामग्री से उत्पादों को उत्पन्न करने वाले कृषि आधारित उद्योग सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात होंगे।
12.	वृक्षों की कटाई ।	(क) राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन, सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर या वनों में वृक्षों की कटाई नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंध के अनुसार विनियमित होंगे।
13.	वन उत्पादों या गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण ।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
14.	विद्युत और संचार टावरों का परिनिर्माण और केबलों के बिछाए जाने और अन्य बुनियादी ढांचे ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे (भूमिगत केबल के बिछाए जाने को बढ़ावा दिया जा सकेगा)।

15.	नागरिक सुख सुविधाओं सहित अवसंरचनाएं ।	न्यूनीकरण उपायों को लागू विधियों, नियमों और विनियमनों और उपलब्ध मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार किया जाना ।
16.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ़ करना तथा नवीन सड़कों का संनिर्माण ।	न्यूनीकरण उपायों को लागू विधियों, नियमों और विनियमनों तथा उपलब्ध मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार किया जाना ।
17.	पर्यटन से संबंधित अन्य क्रियाकलाप जैसे गर्म वायु गुब्बारें, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइटस आदि द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से उड़ना जैसे क्रियाकलाप करना।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
18.	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण ।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
19.	रात्रि में यानिक यातायात का संचलन ।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित ।
20.	स्थानीय समुदायों द्वारा चल रही कृषि और बागवानी प्रथाओं के साथ दुग्धशाला, दुग्ध उद्योग, कृषि और मछली पालन ।	स्थानीय लोगों के उपयोग के लिए लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात ।
21.	फर्मों, कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुओं और कुक्कुट फार्मों की स्थापना।	स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लागू विधियों के अधीन विनियमित (अन्यथा प्रदान किए गए) होंगे ।
22.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में उपचारित बहिर्स्राव का निस्तारण ।	जल निकायों में उपचारित अपशिष्ट जल या बहिर्स्राव के निस्सारण से बचा जाएगा और उपचारित अपशिष्ट जल के पुन:चक्रण और पुन:उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे। अन्यथा लागू विधियों के अनुसार उपचारित बहिर्स्राव के पुनर्चक्रण/प्रवाह के निर्वहन को विनियमित किया जाएगा।
23.	सतही और भूजल का वाणिज्यिक निष्कर्षण ।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
24.	ठोस अपशिष्ट का प्रबन्धन।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
25.	विदेशी प्रजातियों को लाना ।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
26.	पारिस्थितिकी पर्यटन।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
27.	पोलिथीन बैगों का उपयोग ।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
28.	वाणिज्यिक संकेत बोर्ड और होर्डिंग।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
29.	नए काष्ठ आधारित उद्योग।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
30.	जलावन लकड़ी का उपयोग।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
31.	पवन चक्कियां और टरबाइन।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
32.	सिंचाई विभाग द्वारा जलमग्न क्षेत्र से बाहर जाना।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।

IndiaCode

इ. संवर्धित क्रियाकलाप		
33.	वर्षा जल संचयन ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
34.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
35.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को ग्रहण करना ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
36.	कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर भी हैं।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
37.	नवीकरणीय ऊर्जा और ईंधन का उपयोग ।	बायोगैस, सौर प्रकाश इत्यादि को बढ़ावा दिया जाना है ।
38.	कृषि वानिकी ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
39.	बागान लगाना और जड़ी बूटियों का रोपण ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
40.	पारिस्थितिकी अनुकूल परिवहन का उपयोग ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
41.	कौशल विकास ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
42.	निम्नीकृत भूमि/ वन / वास की बहाली ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
43.	पर्यावरणीय जागरुकता ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।

5. पारिस्थितिकी संवेदी जोन की अधिसूचना की मानीटरी के लिए मानीटरी समिति- केंद्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 3 की उपधारा (3) के अधीन इस अधिसूचना के उपबंधों की प्रभावी मानीटरी के लिए मानीटरी समिति का गठन करती है, जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात्:-

क्र.स. (1)	मानीटरी समिति का गठन (2)	पद (3)
(i)	जिला कलेक्टर, पुणे	पदेन, अध्यक्ष;
(ii)	कलेक्टर ठाणे / रायगढ़ के प्रतिनिधि	सदस्य;
(iii)	उप वन संरक्षक, (वन्यजीव), पुणे या उनके प्रतिनिधि	सदस्य;
(iv)	उप वन संरक्षक, रायगढ़ / ठाणे या उनके प्रतिनिधि।	सदस्य;
(v)	नगर नियोजन कार्यालय ठाणे / रायगढ़ / पुणे के प्रतिनिधि)	सदस्य;
(vi)	पर्यावरण विभाग, महाराष्ट्र सरकार के प्रतिनिधि।	सदस्य;
(vii)	प्रतिष्ठित संस्थान या किसी भी राज्य विश्वविद्यालय से पारिस्थितिकी में एक विशेषज्ञ।	सदस्य;
(viii)	वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में काम करने वाले गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) के प्रतिनिधि	सदस्य;
(ix)	उप वन संरक्षक, जुन्नार	सदस्य-सचिव।

6. निर्देश–निबंधन.- (1) मानीटरी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन को मानीटर करेगी।

(2) मानीटरी समिति का कार्यकाल तीन वर्ष तक या राज्य सरकार द्वारा नई समिति के पुन: गठन तक के लिए होगा और तत्पश्चात मानीटरी समिति राज्य सरकार द्वारा गठित की जाएगी।

(3) उन क्रियाकलापों की, जो भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533 (अ), तारीख 14 सितम्बर, 2006 की अनुसूची में सम्मिलित हैं, और जो पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते हैं, सिवाय इसके जो पैरा 4 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के, मानीटरी समिति द्वारा वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं के आधार पर संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण अनापत्ति के लिए केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट किया जाएगा।

(4) उन क्रियाकलापों की, जो भारत सरकार के तत्कालीन और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का. आ. 1533 (अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची में सम्मिलित नहीं है, और जो पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते है, सिवाय इसके पैरा 4 के अधीन सारणी में यथाविनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के, मानीटरी समिति द्वारा वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं के आधार पर संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा।

(5) मानीटरी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध उपायुक्त ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा।

(6) मानीटरी समिति मुद्दा दर मुद्दा के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(7) मानीटरी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक के अपने क्रियाकलापों की वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को उपाबंध V में संलग्न प्रपत्र में उक्त वर्ष के 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मानीटरी समिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए ऐसे निर्देश दे सकेगा, जो वह ठीक समझे ।

7. अतिरिक्त उपाय - इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार, अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगी।

8. उच्चतम न्यायालय के आदेश- इस अधिसूचना के उपबंध भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा पारित किए गए या पारित किए जाने वाले आदेश, यदि कोई हो, के अध्यधीन होंगे ।

[फा. सं. 25/97/2015-ईएसजेड-आरई]

डॉ. सतीश चन्द्र गढ़कोटी, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध- I

महाराष्ट्र राज्य में पारिस्थितिकी संवेदी जोन और भीमाशंकर वन्यजीव अभयारण्य की सीमा का विवरण

क्र. सं	ग्राम	वन गट सं.	निजी गट सं.	*सीमाएं*			
				उत्तर	पूर्व	दक्षिण	पश्चिम
1	2		4	5	6	7	8
1	फागुल गवहन	105	--	घाटघर की ग्राम सीमा	गट सं. 90,91,92,98, 99,101,103,106, 107,111,91 से 26, खदकुम्बे,पुर की ग्राम सीमा	अम्बोली की ग्राम सीमा	पालु की ग्राम सीमा
		106	--	गट सं. 69	गट सं. 105	गट सं. 105	गट सं. 102,103

2	अम्बोली	515	--	फागुल गवहन की ग्राम सीमा	सिरोली टी कुकादनेर की ग्राम सीमा	गट सं. 269, 270, 272, 275 , 278,280 से 283, 285 से 287, 290 से 295,459 से 469,478 से 490, 500 से 506, 514, 513, 516, 517, 518	भिवदे बीआर और रामपुर की ग्राम सीमा
3	भीवदे बीके	196	--	पालु की ग्राम सीमा	अम्बोली की ग्राम सीमा	गट सं. 215,207,206, 89,193, 194,195,190, 184,187, 177,176,175.	हतवीज और भीवदे खह की ग्राम सीमा
		176	--	गट सं. 196,	गट सं. 177	गट सं. 175	गट सं. 196
		177	--	गट सं. 169	गट सं. 184,183,182,181, 178	गट सं. 175	गट सं. 196
		195	--	गट सं. 196	गट सं. 193,194	गट सं. 190 ,196	गट सं. 196
		89	--	गट सं. 196,	गट सं. 206,208	गट सं. 88, 87, 90, 93, 94, 95	गट सं. 184,185,191
		206	--	गट सं. 196	गट सं. 207	गट सं. 208	गट सं. 89,196
		207		गट सं. 196	गट सं. 215	गट सं. 208	गट सं. 206
		208	---	गट सं. 206, 207	गट सं. 215, 212, 211	गट सं. 210 209, 59, 60, 87, 88	गट सं. 89
		209	--	गट सं. 208	गट सं. 210	गट सं. 59	गट सं. 208
		214	--	गट सं. 208	गट सं. 215, 216	गट सं. 210	गट सं. 213,211,212
		215	--	अम्बोली की ग्राम सीमा	गट सं. 221	गट सं. 220, 216, 214, 208	गट सं. 207,196
		216	--	गट सं. 215	गट सं. 215	गट सं. 217 से 220	गट सं. 210,214
		--	197	आर एफ. गट सं. 196	आर एफ. गट सं. 196	आर एफ. गट सं. 196	आर एफ. गट सं. 196
		--	198	आर एफ. गट सं. 196	आर एफ. गट सं. 196 निजी गट सं. 199	आर एफ. गट सं. 196	आर एफ. गट सं. 196

IndiaCode

		--	199	आर एफ. गट सं. 196	आर एफ. गट सं. 196 निजी गट सं. 200	निजी गट सं. 198	आर एफ. गट सं. 196
		--	200	आर एफ. गट सं. 196	निजी गट सं. 202, 201	आर एफ. गट सं. 196	निजी गट सं. 199
		--	202	आर एफ. गट सं. 196	निजी गट सं. 203	निजी गट सं. 201	निजी गट सं. 200
		--	203	आर एफ. गट सं. 196	निजी गट सं. 204	निजी गट सं. 201	निजी गट सं. 202
		--	204	आर एफ. गट सं. 196	निजी गट सं. 205	निजी गट सं. 201	निजी गट सं. 199
		--	205	आर एफ. गट सं. 196	आर एफ. गट सं. 196	निजी गट सं. 201	निजी गट सं. 203
4	हतविज	236	--	गट सं. 241, 242, 246	गट सं. 229, 230, 231, 235, 234, 233, 224, 213, 206, 207, 209, 152 , 295, 212	दोन की ग्राम सीमा गट सं. 237, 240	मद की ग्राम सीमा
		337	--	भीवदे बक की ग्राम सीमा	गट सं. 294, 293, 292, 281, 279 से 284, 335, 336,	गट सं. 251, 252, 267, 268, 270, 278, 338, 341, 65, 66, 71, 73, 77	मद की ग्राम सीमा
		296	--	भीवदे बक की ग्राम सीमा	भीवदे खह की ग्राम सीमा	गट सं. 294, 297, 298, 300, 301, 305.	गट सं. 337
		--	237	आर एफ. गट सं. 236	आर एफ. गट सं. 236	दोन की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 204
		--	238	आर एफ. गट सं. 236	निजी गट सं. 237	दोन की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 238
		--	239	आर एफ. गट सं. 236	निजी गट सं. 238	दोन की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 239
		--	240	आर एफ. गट सं. 236	निजी गट सं. 239	दोन की ग्राम सीमा	आर एफ. गट सं. 236
5	भीवदे खह	462	--	की ग्राम सीमा भीवदे बी आर	गट सं. 662, 664, 465, 466, 471, 472, 473, 461	अम्बे की ग्राम सीमा	हतविज की ग्राम सीमा

IndiaCode

6.	दोन	61	--	हतविज की ग्राम सीमा	गट सं. 74,73,	गट सं. 62,60,59,	पिम्पारघाने की ग्राम सीमा
		56	--	गट सं. 57	गट सं. 55	गट सं. 58	गट सं. 58
		--	57	निजी गट सं. 60	निजी गट सं. 64,65,66	आर एफ. गट सं. 56	निजी गट सं. 58,59
		--	58	निजी गट सं. 60	निजी गट सं. 57, आर एफ. गट सं. 56	आर एफ. गट सं. 8 और अघान की ग्राम सीमा	पिम्पारघाने की ग्राम सीमा
		--	59	आर एफ. गट सं. 61और निजी गट सं. 60	निजी गट सं. 60, 58	पिम्पारघाने की ग्राम सीमा	आर एफ. गट सं. 61
		--	60	आर एफ. गट सं. 61	निजी गट सं. 62, 63, 64	निजी गट सं. 57, 59, 58	आर एफ. गट सं. 61
7.	अघान	18	--	दोने की ग्राम सीमा	दोने की ग्राम सीमा	गट सं. 30, 21, 20	पिम्पारघाने की ग्राम सीमा
		16	--	गट सं. 17, 10	गट सं. 9, 8, 11	गट सं. 15, 14, 73	पिम्पारघाने की ग्राम सीमा
		51	--	पिम्पारघाने की ग्राम सीमा	गट सं. 71, 70, 69, 60, 52, 56, 55, 54, 53, 52, 47, 48, 49, 50	नहावेद की ग्राम सीमा	पिम्पारघाने की ग्राम सीमा
		--	17	पिम्पारघाने की ग्राम सीमा	आर एफ. गट सं. 8	आर एफ. गट सं. 5 और निजी गट सं. 10	आर एफ. गट सं. 5 और पिम्पारघाने की ग्राम सीमा
		--	71	पिम्पारघाने की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 72	निजी गट सं. 36, 70	निजी गट सं. 69, आर एफ. गट सं. 36
		--	72	पिम्पारघाने की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 73,74	निजी गट सं. 36	निजी गट सं. 71
		--	73	पिम्पारघाने की ग्राम सीमा	आर एफ. गट सं. 5, निजी गट सं. 14	निजी गट सं. 74	निजी गट सं. 72
8.	नहावेद	73	--	गट सं. 74 से 80, 66 से 69, 47	पटान की ग्राम सीमा	गट सं. 70 से 72	सकेरी की ग्राम सीमा
		105	--	गट सं. 101 से 104	गट सं. 74	सकेरी की ग्राम सीमा	गट सं. 107
		161	--	पिम्पारघाने की ग्राम सीमा	गट सं. 162,163 165, 134, 136, 135, 142, 110, 109,108	गट सं. 160	अहुपे की ग्राम सीमा गट सं. 143, 144, 156, 158, 159, 160,

IndiaCode

		191	--	अघान और दोन की ग्राम सीमा	तिरपाड की ग्राम सीमा गट सं. 192 से 198	गट सं. 201, 187, 190, 189, 188, 179, 173,172,171, 167, 166.	गट सं. 164, 165
		--	160	पिम्पारघा ने की ग्राम सीमा	आर एफ. गट सं. 161	आर एफ. गट सं. 161	निजी गट सं. 159
		--	159	अहुपे की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 160	निजी गट सं. 158	आर एफ. गट सं. 155
		--	154	निजी गट सं. 156	निजी गट सं. 145, 152, 153	अहुपे की ग्राम सीमा	आर एफ. गट सं. 155
		--	145	निजी गट सं. 156 और आर एफ. गट सं. 161	निजी गट सं. 144, 143.	निजी गट सं. 146, 147	निजी गट सं. 154, 152, 153.
		--	143	आर एफ. गट सं. 161	आर एफ. गट सं. 161	अहुपे की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 144, 145, 146, 147, 148, 149, 150.
		--	144	आर एफ. गट सं. 161	निजी गट सं. 143	निजी गट सं. 145	निजी गट सं. 145
		--	152	निजी गट सं. 145	निजी गट सं. 146, 151.	अहुपे की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 153
		--	153	निजी गट सं. 145	निजी गट सं. 152	अहुपे की ग्राम सीमा	अहुपे की ग्राम सीमा और निजी गट सं. 154
		--	156	निजी गट सं. 158 और आर एफ. गट सं. 161	आर एफ. गट सं. 161	निजी गट सं. 144, 145, 154.	आर एफ. गट सं. 155 और निजी गट सं. 157
		--	157	निजी गट सं. 158	निजी गट सं. 158, 156	आर एफ. गट सं. 155	आर एफ. गट सं. 155
		--	158	निजी गट सं. 159	आर एफ. गट सं. 161	निजी गट सं. 146, 145	आर एफ. गट सं. 155 और निजी गट सं. 157
		--	146	निजी गट सं. 145	निजी गट सं. 147, 148, 149.	निजी गट सं. 150, 151.	निजी गट सं. 152
		--	147	निजी गट सं. 145	निजी गट सं. 143	निजी गट सं. 148	निजी गट सं. 146
		--	148	निजी गट सं. 147	निजी गट सं. 143	निजी गट सं. 149	निजी गट सं. 146
		--	106	निजी गट सं. 107	निजी गट सं. 107	निजी गट सं. 107	निजी गट सं. 107

IndiaCode

		--	107	आर एफ. गट सं. 161 और निजी गट सं. 108	आर एफ. गट सं. 105	सकेरी की ग्राम सीमा	अहुपे और सकेरी की ग्राम सीमा
		--	74	निजी गट सं. 101, 75	निजी गट सं. 75 और आर एफ. गट सं. 73	सकेरी की ग्राम सीमा	आर एफ. गट सं. 105
		--	47	निजी गट सं. 41	निजी गट सं. 43, 44, 45, 46 और आर एफ. गट सं. 73	आर एफ. गट सं. 73 और निजी गट सं. 68	निजी गट सं. 48, 55, 56, 57, 59.
		--	46	निजी गट सं. 45	पटान की ग्राम सीमा	आर एफ. गट सं. 73	निजी गट सं. 47
		--	45	निजी गट सं. 44	पटान की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 46	निजी गट सं. 47
		--	43	निजी गट सं. 41	पटान की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 44	निजी गट सं. 47
		--	41	निजी गट सं. 34	पटान की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 43	निजी गट सं. 48
		--	34	निजी गट सं. 35	निजी गट सं. 32, 33	पटान की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 39, 41.
		--	33	निजी गट सं. 27	पटान की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 34	निजी गट सं. 32
		--	27	निजी गट सं. 208, 209.	पटान की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 33	निजी गट सं. 32, 26, 28.
		--	208	निजी गट सं. 207	पटान की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 27	निजी गट सं. 209, 210, 211
		--	209	निजी गट सं. 210	निजी गट सं. 208	निजी गट सं. 27	निजी गट सं. 26
		--	210	निजी गट सं. 211	निजी गट सं. 208	निजी गट सं. 209	निजी गट सं. 213
		--	207	निजी गट सं. 206	पटान की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 208	निजी गट सं. 211
		--	206	निजी गट सं. 204, 205	पटान की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 207	निजी गट सं. 211, 203
		--	205	निजी गट सं. 204	पटान की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 206	निजी गट सं. 204, 206
		--	204	निजी गट सं. 200	पटान की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 205, 206.	निजी गट सं. 201, 202, 203, 211.
		--	200	आर एफ. गट सं. 191	पटान की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 204	निजी गट सं. 201
		--	198	निजी गट सं. 197	पटान की ग्राम सीमा	आर एफ. गट सं. 191	आर एफ. गट सं. 191

IndiaCode

		--	197	निजी गट सं. 196, 195	पटान की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 198	आर एफ. गट सं. 191
		--	196	निजी गट सं. 193, 194	निजी गट सं. 195 और पटान की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 197	निजी गट सं. 192
		--	195	आर एफ. गट सं. 191	पटान की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 197	निजी गट सं. 196, 194,
		--	70	आर एफ. गट सं. 73	आर एफ. गट सं. 73	सकेरी की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 71
		--	71	आर एफ. गट सं. 73	निजी गट सं. 70	सकेरी की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 72
		--	72	आर एफ. गट सं. 73	निजी गट सं. 71	सकेरी की ग्राम सीमा	आर एफ. गट सं. 73
		--	162	अघान की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 163	आर एफ. गट सं. 161	आर एफ. गट सं. 161
		--	149	निजी गट सं. 148	निजी गट सं. 143	निजी गट सं. 150	निजी गट सं. 146, 151.
		--	150	निजी गट सं. 149	निजी गट सं. 143	अहुपे की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 151.
		--	199	निजी गट सं. 198	पटान की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 200	आर एफ. गट सं. 191
9	तिरपाड	41	--	दोन की ग्राम सीमा	गट सं. 51 से 54, 103 से 110	गट सं. 30 से 40, 26, 259,260,	पटान और नाहवेद की ग्राम सीमा
		--	36	निजी गट सं. 37	आर एफ. गट सं. 41.	निजी गट सं. 33	आर एफ. गट सं. 41.
		--	37	निजी गट सं. 38	आर एफ. गट सं. 41.	निजी गट सं. 36	आर एफ. गट सं. 41.
		--	38	निजी गट सं. 39	आर एफ. गट सं. 41.	निजी गट सं. 37	आर एफ. गट सं. 41.
		--	39	निजी गट सं. 40	आर एफ. गट सं. 41.	निजी गट सं. 38	आर एफ. गट सं. 41.
		--	40	आर एफ. गट सं. 41.	आर एफ. गट सं. 41.	निजी गट सं. 39	आर एफ. गट सं. 41.
10	नानावाडे	108	--	गट सं. 112 से 114	गट सं. 107, 29	गट सं. 28,109 से 111	पटान की ग्राम सीमा
		125	--	गट सं. 129,	गट सं. 126, 97, 98,	गट सं. 101,102,124, 121, 117.	पटान की ग्राम सीमा
		126	--	गट सं. 227	गट सं. 221 से 223	गट सं. 224	गट सं. 225
		--	257	निजी गट सं. 258	आर एफ. गट सं. 262	निजी गट सं. 256	पटान की ग्राम सीमा
		--	258	निजी गट सं. 261	आर एफ. गट सं. 262	निजी गट सं. 257	पटान की ग्राम सीमा

IndiaCode

		--	259	तिरपाड की ग्राम सीमा	तिरपाड की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 260	पटान की ग्राम सीमा
		--	260	तिरपाड की ग्राम सीमा	तिरपाड की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 261, 258.	पटान की ग्राम सीमा
		--	261	निजी गट सं. 260	तिरपाड की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 258 और आर एफ. गट सं. 262	निजी गट सं. 257
		--	251	निजी गट सं. 250	निजी गट सं. 248, 247.	निजी गट सं. 232	निजी गट सं. 252, 253, 254.
		--	252	निजी गट सं. 253	निजी गट सं. 251	निजी गट सं. 232	पटान की ग्राम सीमा
		--	253	निजी गट सं. 254	निजी गट सं. 250, 251.	निजी गट सं. 252	पटान की ग्राम सीमा
		--	254	निजी गट सं. 255	निजी गट सं. 250	निजी गट सं. 253	पटान की ग्राम सीमा
		--	255	निजी गट सं. 256	आर एफ. गट सं. 162	निजी गट सं. 268, 269, 249, 250, 254.	पटान की ग्राम सीमा
		--	256	निजी गट सं. 257	आर एफ. गट सं. 162	निजी गट सं. 255	पटान की ग्राम सीमा
		--	229	निजी गट सं. 230	निजी गट सं. 233	निजी गट सं. 228	पटान की ग्राम सीमा
		--	230	निजी गट सं. 231	निजी गट सं. 233	निजी गट सं. 229	पटान की ग्राम सीमा
		--	231	निजी गट सं. 232	निजी गट सं. 233	निजी गट सं. 230	पटान की ग्राम सीमा
		--	232	निजी गट सं. 252, 251	निजी गट सं. 233, 247.	निजी गट सं. 231	पटान की ग्राम सीमा
		--	233	निजी गट सं. 247.	निजी गट सं. 237, 238, 241, 235.	निजी गट सं. 227	निजी गट सं. 228, 229, 230, 231, 232.
		--	110	आर एफ. गट सं. 108	निजी गट सं. 109	सकेरी की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 111
		--	111	आर एफ. गट सं. 108	निजी गट सं. 110	सकेरी की ग्राम सीमा	सकेरी और पटान की ग्राम सीमा
		--	112	निजी गट सं. 113 और पटान की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 113	आर एफ. गट सं. 108	पटान की ग्राम सीमा
		--	113	निजी गट सं. 117	निजी गट सं. 115, 114.	आर एफ. गट सं. 108	निजी गट सं. 112

IndiaCode

		--	114	निजी गट सं. 115	निजी गट सं. 107	आर एफ. गट सं. 108	निजी गट सं. 113
		--	115	निजी गट सं. 117	निजी गट सं. 116, 107	निजी गट सं. 114	निजी गट सं. 113, 117.
		--	116	निजी गट सं. 117	निजी गट सं. 107	निजी गट सं. 115	निजी गट सं. 115
		--	117	आर एफ. गट सं. 125 और की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 118 और आर एफ. गट सं. 125	निजी गट सं. 106, 107, 115, 116, 112, 113.	पटान की ग्राम सीमा
		--	129	निजी गट सं. 130	निजी गट सं. 128, 127.	आर एफ. गट सं. 125	पटान की ग्राम सीमा
		--	130	निजी गट सं. 138	निजी गट सं. 131, 128	निजी गट सं. 129	पटान की ग्राम सीमा
		--	131	निजी गट सं. 138	निजी गट सं. 137, 136, 132.	निजी गट सं. 128	निजी गट सं. 130
		--	137	निजी गट सं. 139	निजी गट सं. 141, 142, 136.	निजी गट सं. 131, 132.	निजी गट सं. 131
		--	138	निजी गट सं. 224	निजी गट सं. 139.	निजी गट सं. 131, 137.	पटान की ग्राम सीमा
		--	139	निजी गट सं. 224	निजी गट सं. 140, 141.	निजी गट सं. 137.	निजी गट सं. 138
		--	224	निजी गट सं. 225, 226.	आर एफ. गट सं. 220 और निजी गट सं. 222	निजी गट सं. 138, 139, 140.	पटान की ग्राम सीमा
		--	225	निजी गट सं. 227	निजी गट सं. 226	निजी गट सं. 224	पटान की ग्राम सीमा
		--	226	निजी गट सं. 227	निजी गट सं. 227	निजी गट सं. 224	निजी गट सं. 225
		--	227	निजी गट सं. 233	निजी गट सं. 235, 234 और आर एफ. गट सं. 220	निजी गट सं. 224, 225, 226.	निजी गट सं. 224 और पटान की ग्राम सीमा
		--	228	निजी गट सं. 229	निजी गट सं. 233	निजी गट सं. 227	पटान की ग्राम सीमा
		--	109	आर एफ. गट सं. 108	महालुंगे तरफ अम्बेगांव की ग्राम सीमा	सकेरी की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 110.
11	महालुंगे तरफ अम्बेगांव	--	21	निजी गट सं. 26	निजी गट सं. 20, 30	निजी गट सं. 22	निजी गट सं. 24, 25
		--	22	निजी गट सं. 21, 20.	निजी गट सं. 19	निजी गट सं. 23	निजी गट सं. 24
		--	23	निजी गट सं. 22	निजी गट सं. 19	सकेरी और फलोद की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 24

IndiaCode

		--	24	निजी गट सं. 25	निजी गट सं. 21, 22, 23.	फलोद की ग्राम सीमा	सकेरी की ग्राम सीमा
		--	25	निजी गट सं. 26	निजी गट सं. 21	निजी गट सं. 24	सकेरी की ग्राम सीमा
		--	26	निजी गट सं. 28	निजी गट सं. 28	निजी गट सं. 21, 25.	सकेरी की ग्राम सीमा और निजी गट सं. 27
		--	27	निजी गट सं. 28	निजी गट सं. 26	सकेरी की ग्राम सीमा	नानावाडे की ग्राम सीमा
12	पिम्परी	105	--	सकेरी की ग्राम सीमा गट सं. 103,104, 106,108 से 112	गट सं. 52 , 77, 74, 83 से 93, 80,82,	नानावाडे तेरूंगन की ग्राम सीमा गट सं. 96 से 102	कोनधावल की ग्राम सीमा
		100	--	गट सं. 96,	गट सं. 97	तेरूंगन की ग्राम सीमा	गट सं. 101,102
		--	106	सकेरी की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 108	आर एफ. गट सं. 105	आर एफ. गट सं. 105
		--	107	सकेरी की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 108	निजी गट सं. 106	निजी गट सं. 106
		--	108	सकेरी की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 109	आर एफ. गट सं. 105	निजी गट सं. 106, 107
		--	109	सकेरी की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 110	आर एफ. गट सं. 105	निजी गट सं. 108
		--	110	सकेरी की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 111	आर एफ. गट सं. 105	निजी गट सं. 109
		--	111	सकेरी की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 112	आर एफ. गट सं. 105	निजी गट सं. 110
		--	112	सकेरी की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 113, 114.	आर एफ. गट सं. 105	निजी गट सं. 111
		--	113	निजी गट सं. 114, 115, 118.	निजी गट सं. 119	निजी गट सं. 52	आर एफ. गट सं. 105 और निजी गट सं. 112
		--	114	सकेरी की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 117	निजी गट सं. 113	निजी गट सं. 112
		--	115	निजी गट सं. 114	निजी गट सं. 116, 117	निजी गट सं. 118	निजी गट सं. 113
		--	116	निजी गट सं. 117	निजी गट सं. 117	निजी गट सं. 115	निजी गट सं. 117
		--	117	सकेरी की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 119	निजी गट सं. 118, 115	निजी गट सं. 114
		--	118	निजी गट सं. 117	निजी गट सं. 119	निजी गट सं. 113	निजी गट सं. 115
		--	119	सकेरी की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 120	निजी गट सं. 52	निजी गट सं. 113, 118, 117.

IndiaCode

		--	120	निजी गट सं. 113	निजी गट सं. 121	निजी गट सं. 52	निजी गट सं. 119
		--	121	सकेरी की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 42 और आर एफ. गट सं. 122	निजी गट सं. 46, 47, 45, 49, 50.	निजी गट सं. 120, 52.
		--	123	सकेरी की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 124, 129	आर एफ. गट सं. 122	सकेरी की ग्राम सीमा
		--	124	सकेरी की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 126, 127	निजी गट सं. 125, 129.	निजी गट सं. 123
		--	125	निजी गट सं. 124	निजी गट सं. 127	निजी गट सं. 129	निजी गट सं. 129
		--	126	सकेरी की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 128	निजी गट सं. 127	निजी गट सं. 124
		--	127	निजी गट सं. 126	निजी गट सं. 128	निजी गट सं. 125	निजी गट सं. 124
		--	128	सकेरी की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 130	निजी गट सं. 129	निजी गट सं. 126, 127.
		--	133	सकेरी की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 121	निजी गट सं. 120	निजी गट सं. 119
		--	101	निजी गट सं. 102	आर एफ. गट सं. 100	तेरूंगन की ग्राम सीमा	कोनधावल की ग्राम सीमा
		--	102	सकेरी की ग्राम सीमा	आर एफ. गट सं. 105, 100	निजी गट सं. 101	कोनधावल की ग्राम सीमा
		--	103	सकेरी की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 104	आर एफ. गट सं. 105	कोनधावल की ग्राम सीमा
		--	104	सकेरी की ग्राम सीमा	सकेरी की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 105	निजी गट सं. 103
		--	1	सकेरी की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 3	निजी गट सं. 2	गौथान और निजी गट सं. 130
		--	2	निजी गट सं. 1	निजी गट सं. 3, 4	निजी गट सं. 4	गौथान
		--	3	सकेरी की ग्राम सीमा	सकेरी की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 4	निजी गट सं. 1, 2.
		--	5	सकेरी की ग्राम सीमा	फलोद की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 6, 7.	निजी गट सं. 4.
13	तेरूंगांन	31	--	पिम्पारी की ग्राम सीमा गट सं. 54	राजपुर की ग्राम सीमा गट सं. 18 से 21, 23, से 26	निगदाले की ग्राम सीमा गट सं. 28,30,31	कोनधावल की ग्राम सीमा गट सं. 33 से 39, 43,44, 47, 48, 50, 29, 12, 15,16, 9,8, 56, 57, 58,53,13, 51,52,
		--	27	निजी गट सं. 28	निजी गट सं. 26	राजपुर की ग्राम सीमा और भिवेगांव की ग्राम सीमा	धागेवाडी की ग्राम सीमा

IndiaCode

		--	28	आर एफ. गट सं. 31	निजी गट सं. 26	निजी गट सं. 27	धागेवाडी की ग्राम सीमा
		--	30	आर एफ. गट सं. 31	आर एफ. गट सं. 31	धागेवाडी की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 29
		--	29	आर एफ. गट सं. 31	निजी गट सं. 30	धागेवाडी की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 32 और आर एफ. गट सं. 31
		--	32	निजी गट सं. 35	निजी गट सं. 33 और आर एफ. गट सं. 31	धागेवाडी की ग्राम सीमा	निजी गट सं. 36
		--	33	आर एफ. गट सं. 31	निजी गट सं. 34	आर एफ. गट सं. 31 और निजी गट सं. 32	निजी गट सं. 35
		--	36	निजी गट सं. 37	निजी गट सं. 35 और आर एफ. गट सं. 31	निजी गट सं. 32	धागेवाडी की ग्राम सीमा
		--	37	निजी गट सं. 39	निजी गट सं. 38	निजी गट सं. 36	निजी गट सं. 40
		--	40	निजी गट सं. 41	निजी गट सं. 39, 37.	धागेवाडी की ग्राम सीमा	धागेवाडी की ग्राम सीमा
		--	41	निजी गट सं. 42	निजी गट सं. 39	निजी गट सं. 40	धागेवाडी की ग्राम सीमा और कोनधावेल की ग्राम सीमा
		--	42	निजी गट सं. 44, 45.	निजी गट सं. 43	निजी गट सं. 39, 41	धागेवाडी की ग्राम सीमा
		--	45	निजी गट सं. 46	निजी गट सं. 47, 44	निजी गट सं. 42	धागेवाडी की ग्राम सीमा
		--	46	निजी गट सं. 49	निजी गट सं. 47, 48.	निजी गट सं. 44, 45	धागेवाडी की ग्राम सीमा
		--	49	निजी गट सं. 52, 51.	निजी गट सं. 48, 50	निजी गट सं. 46	धागेवाडी की ग्राम सीमा
		--	52	आर एफ. गट सं. 31	निजी गट सं. 51	निजी गट सं. 49	धागेवाडी की ग्राम सीमा
14	भिवेगांव	66	---	राजपुर की ग्राम सीमा गट सं. 36 से 61.	करकुडी और टोकावदे की ग्राम सीमा गट सं. 63 से 65	गट सं. 111,109,102, 101, 99,98,97, 95 94,93,67 से 78, 14, 18 से 27,31 32,	भोरगिरी की ग्राम सीमा
		--	60	आर एफ. गट सं. 66	निजी गट सं. 61	आर एफ. गट सं. 66	आर एफ. गट सं. 66
		--	61	आर एफ. गट सं. 66	आर एफ. गट सं. 66	आर एफ. गट सं. 66	आर एफ. गट सं. 66 और निजी गट सं. 60
		--	62	आर एफ. गट सं. 66	आर एफ. गट सं. 66	आर एफ. गट सं. 66	आर एफ. गट सं. 66

IndiaCode

		--	33	आर एफ. गट सं. 66	निजी गट सं. 34	आर एफ. गट सं. 66	आर एफ. गट सं. 66
		--	34	आर एफ. गट सं. 66	आर एफ. गट सं. 66	आर एफ. गट सं. 66	निजी गट सं. 33
		--	35	आर एफ. गट सं. 66	आर एफ. गट सं. 66	आर एफ. गट सं. 66	आर एफ. गट सं. 66
